भारत सरकार

Government of India

कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय

Minstry of Personnel,Public Grievances & Pension

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

Department of Personnel & Training

**केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति/**

**Central Government Employees Welfare Co-ordination Committee/**

महासर्वेक्षक का कार्यालय, हाथीबडकला एस्टेट, पो.बॉ. संख्या 37, देहरादून-248001

Surveyor General's Office, Hathibarkala Estate, P.B.No.37, Dehra Dun-248001

(Email : cgewcc.ddn.soi@gov.in)

सं0 सीजी– 6415 /कार्यवृत दिनांक 18 अक्टूबर, 2019

**MINUTES OF THE ANNUAL GENERAL BODY MEETING OF CENTRAL GOVT. EMPLOYEES WELFARE CO-ORDINATION COMMITTEE DEHRA DUN & REGIONAL SPORTS BOARD UTTARAKHAND HELD ON 26-09-2019 (15:30 hrs) IN SURVEYOR GENERAL'S OFFICE DEHRA DUN**

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा की बैठक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, (वी.एस.एम.) भारत के महासर्वेक्षक एवं अध्यक्ष CGEWCC देहरादून, एवं RSB उत्तरॉखण्ड की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा में विभिन्न विभागों/कार्यालयों के जिन अधिकारियों/प्रतिनिधियों ने अपने–अपने विभाग का प्रतिनिधित्व किया उनके नाम निम्नलिखित हैं :–

| Sl. No. | Name of Officer | Designation | Department |
|---|---|---|---|
| 1. | Lt Gen Girish Kumar, VSM | Surveyor General of India/ Chairman, CGEWCC & RSB, UK | Surveyor General's Office, Survey of India, D.Dun |
| 2 | Shri Mohan Ram | Superintending Surveyor/ Secretary CGEWCC & RSB, UK | Surveyor General's Office, Survey of India, D.Dun |
| 3 | Sh. Arjun Singh Negi | Asstt. Commissioner of Income -Tax | Office of CCIT-Dehradun Subhash Road |
| 4 | Sh. Anurag Sharma | Superintendent of Central GST,Dehradun | CGS,T Commissionerate, Dehradun E- Block, Nehru Colony, D.Dun |
| 5 | Sh. Rakesh Anand | Inspector,CGST, Dehradun | CGS,T Commissionerate, Dehradun E- Block, Nehru Colony, D.Dun |
| 6 | Dr. S.K.Singh | H.O.O. B.S.I.,ERC, D.Dun | BSI, NRC, Dehradun |
| 7 | Dr. B.S.Kholia | Scientist 'D' | BSI, NRC, Dehradun |
| 8 | Sh. Sunil Sharma | A.L.W.C., OLF | OLF, Dehradun |

**शेष पृष्ठ 2 पर......**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9. | Sh. Rakesh Kumar | Officer Surveyor | UK & WUP, GDC, SOI |
| 10 | Dr. Vinita Sharma | Scientist ‘D’ | NRC,ZSI |
| 11 | Sh. Ajay Kumar | Dy. A.G. | O/o Pr. A.G(Audit) Uttarakhand |
| 12 | Sh. Sanjay Rasdan | Sr. Audit Office | O/o Pr. A.G(Audit) Uttarakhand |
| 13 | Sh. Kalam Singh | MTD | SGO, SOI |
| 14 | Sh. B.R.Sharma | Asstt. Sports Officer | IRDE, D.Dun |
| 15 | Sh. Maneesh | Sports Secretary | IRDE, D.Dun |
| 16 | Sh. V.K.Sharma | Sr. A.O. | A.G.(A&E), UK, Dehradun |
| 17 | Sh. A.S.Bhadauriya | W.A. | A.G.(A&E), UK, Dehradun |
| 18 | Sh. Amit Kumar | PS | Income-Tax |
| 19 | Dr. Vimal Kumar | Asstt. Sudtg. Archl. Chemist. | ASI, Dehradun |
| 20 | Sh. N.K.Sharma | Director | IISWC, Dehradun |
| 21 | Sarita, IFS | Head of Office | Central Academy for State Forest Science, Dehradun |
| 22 | Smt. Shalini Naagi | E & A O | Surveyor General’s Office, D.Dun |
| 23 | Sh. Kapil Pharasi | P/Tr. | UK & WUP GDC, SOI |
| 24 | Col. Arindam Gupta | Deputy Surveyor General | Surveyor General’s Office, D.Dun |
| 25 | Sh. U.S.Prasad | Deputy Surveyor General | Specialized Zone, Survey of India |
| 26 | Col. Rakesh Singh | Director | MA&DC, SOI, Dehradun |
| 27 | Dr. S.K.Srivastav | Dean (Academic) | IIRS, Dehradun |
| 28 | Sh. Surendra S. Gusain | C.H.O. | NHO, Dehradun |
| 29 | Sh. J.S.Rawat | Tech. Supervisor | NHO, Dehradun |
| 30 | Sh. Neeraj Gurjar | Deputy Director | G&RB, Survey of India, D.Dun |

शेष पृष्ठ 3 पर......

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31 | Sh. Anil Kumar Chandel | Asstt. Admn. Officer | Indian Bureau of Mines, 100 Nehru Colony, Dehradun |
| 32 | Sh. Nandan Singh | Steno | Indian Bureau of Mines, 100 Nehru Colony, Dehradun |
| 33 | Sh. M.K.Chaudhary | Joint Director | Directorate of Census Operation, D.Dun |
| 34 | Sh. R.S.Rawat | Director (Current Duty) | DMC, Survey of India, Dehradun |
| 35 | Sh. Mukesh Kumar | U.D.C. | Surveyor General's Office, D.Dun |
| 36 | Sh. Ashish Kumar | Secretary (NGDC) | NGDC, SOI, D.Dun |

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने से पूर्व, श्री मोहन राम, सचिव, CGEWCC, देहरादून ने सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया तथा सभी से लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, वी.एस.एम. भारत के महासर्वेक्षक जो वर्तमान में CGEWCC, देहरादून एवं RSB उत्तरॉखण्ड के अध्यक्ष भी हैं, का परिचय कराया। तत्पश्चात, सभी उपस्थित अधिकारियों से बारी–बारी से अपना परिचय अध्यक्ष महोदय को देने का अनुरोध किया। सभी सदस्यों एवं विभागाध्यक्षों के परिचय हो जाने के बाद सचिव ने केन्द्रीय कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति की वार्षिक आम सभा का संचालन करने की अनुमति अध्यक्ष महोदय से मांगी, जिसकी अनुमति अध्यक्ष महोदय द्वारा दी गयी। तत्पश्चात सचिव श्री मोहन राम ने बैठक की कार्यवाही को प्रारम्भ करते हुए अध्यक्ष महोदय, लेफ्टिनेट जनरल गिरीश कुमार, वी.एस.एम. को अध्यक्षीय भाषण हेतु आग्रह किया ।

लेफ्टिनेट जनरल गिरीश कुमार, वी.एस.एम., अध्यक्ष केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति ने आम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों, विभागाध्यक्षों का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत किया तथा समन्वय समिति के वर्ष 2018–19 के कार्यक्रमों को पूरा करने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग की अपील की । अध्यक्ष महोदय ने आम सभा में सदस्यों की उपस्थिति कम रहने पर खेद जताया तथा आगामी बैठकों में सभी सदस्यों को अधिक से अधिक उपस्थिति हेतु अनुरोध किया ।

अध्यक्ष महोदय ने यह भी बताया कि समन्वय समिति के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु बैठकों में सदस्यों की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ ही अच्छे विचार–विमर्श एवं सुझाव आने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे समन्वय समिति की कल्याणकारी नीतियों को बनाने में अच्छे निर्णय लिए जा सकते हैं।

**1. दिनांक 23.10.2018 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत :**

सचिव ने एजेण्डानुसार बैठक संचालन करते हुए सर्वप्रथम सदस्यों को अवगत कराया कि पिछली बैठक के कार्यवृत सभी सदस्य कार्यालयों को भेजा गया था और इसकी भी जानकारी दी कि समिति की यह कार्यवृत विभागीय वेवसाइट पर भी अपलोड की गयी है। साथ ही आशा व्यक्त की कि सभी सदस्यों को उक्त प्रति प्राप्त हो गयी होगी । जिसकी पुष्टि सभी सदस्यों ने की। तत्पश्चात सचिव ने वर्ष 2018–2019 की वार्षिक रिपोर्ट सदन में पढ़ कर प्रस्तुत किया ।

**2. देहरादून में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना :**

सर्वे चौक स्थित डिस्पेन्सरी को CGHS डिस्पेन्सरी में संविलय के पश्चात अब CGHS डिस्पेन्सरी की पूर्णतया संचालन की स्थिति से सदन को अवगत कराया गया । साथ ही कैलाश अस्पताल जिसकी पिछली बैठक में CGHS के पैनल में शामिल करने की मांग उठी थी, को अब CGHS के पैनल में शामिल होने की जानकारी दी गयी ।

**शेष पृष्ठ 4 पर......**

इसी क्रम में सदस्यों द्वारा सिनर्जी अस्पताल को को भी CGHS के पैनल में लाये जाने की मांग उठाई गयी। इस पर अध्यक्ष महोदय ने आशवासन दिया कि इस विषय में भी आवश्यक कार्य की जायेगी ।

**3. <u>Whatsapp Group :</u>**

सचिव, केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति ने अपनी रिपोर्ट में पिछली बैठक में Whatsapp Group बनाने के विषय में सदन को अवगत कराया कि इस Social Media से सदस्यों को जोड़ने का भरसक प्रयास किया गया । लेकिन परिणाम अधिक उत्साहजनक नहीं रहे । इस पर अध्यक्ष महोदय ने कहा कि यह भी समन्वय समिति के संवाद बनाये रखने का एक अच्छा टूल है बशर्ते कि यह सिर्फ Good Morning Massage तक सीमित न रहे जाए । यह सुनकर सदन ठहाकों के साथ गूजं उठा और विषय को विराम दिया गया ।

**4. <u>वर्ष 2018–2019 के दौरान खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन :</u>**

वर्ष 2018–19 के दौरान समन्वय समिति की ओर से जिन विभागों/कार्यालयों को कुल 08 खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने का दायित्व दिया गया था, सचिव ने अपनी रिपोर्ट द्वारा सदन को उसके परिणाम से अवगत कराया जो निम्न प्रकार हैं :–

| क्रमांक | खेल/प्रतियोगिताएं | आयोजक विभाग |
|---|---|---|
| 1. | Carrom | NRC,Zoological, Survey of India - Conducted |
| 2. | Table Tennis | UK & WUP GDC, SOI - Conducted |
| 3. | Volley Ball | MA&DC – Conducted |
| 4. | Chess | NGDC, SOI- Conducted |
| 5. | Badminton | IRDE – Not Conducted |
| 6. | Cultural Programme | S.G.O. Survey of India- Not Conducted |
| 7. | Cricket | NPG, Survey of India and MA&DC – Not Conducted |
| 8. | Kabaddi | UK & WUP GDC, SOI - Not Conducted |

उपरोक्त 08 खेल प्रतियोगिताओं में से पचास प्रतिशत खेल प्रतियोगिताओं के सपन्न होने पर अध्यक्ष महोदय ने असंतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में सभी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने पर बल दिया ।

इस क्रम में आगे चर्चा के दौरान सदस्य कार्यालयों से टूर्नामैंट करवाने हेतु स्पोर्टस् उपकरणों (SPORTS ITEMS) की मांग का विषय उठाया गया। जिस पर अध्यक्ष महोदय ने व्यवस्था दी *कि SPORTS ITEMS को खरीदने के लिए मांगकर्ता कार्यालय एक सब–कमिटि का गठन करेगा । जो कि नियमानुसार बाजार से Quotation प्राप्त कर आवेदन के साथ समन्वय समिति में प्रस्तुत करेगा । जिस पर अध्यक्ष की संस्वीकृति/अनुमोदन के बाद संबंधित फर्म/कंपनी को चैक जारी किया जायेगा । तत्पश्चात SPORTS ITEMS की Delivery होने पर केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति द्वारा अधिकृत अधिकारी से निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त करना भी आवश्यक होगा । क्योंकि इस प्रक्रिया के अंतर्गत खरीदा गया SPORTS ITEMS समन्वय समिति की सम्पति मानी जाएगी और जब तब अन्य सदस्य कार्यालयों की मांग पर उन्हें उपलब्ध कराना होगा । यहां यह स्पष्ट करना भी आवश्यक है कि समन्वय समिति का SPORTS ITEMS रखने वाले कार्यालय को ही SPORTS ITEMS के रख–रखाव के साथ समन्वय समिति के भण्डारण का ऑडिट के समय जारी किए गये SPORTS ITEMS की भी Inventory करवानी होगी । अध्यक्ष महोदय की इस व्यवस्था पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त कर इसका स्वागत किया ।*

शेष पृष्ठ 5 पर......

5. **वर्ष 2018–2019 के आय–व्यय एवं लेखा परीक्षा रिपोर्टः**

बैठक में वर्ष 2018–2019 के आय–व्यय का लेखा परीक्षण के विषय में सचिव ने सदन को अवगत कराया कि यह दायित्व A.G.(A), UK को दिया गया था, जिसे समन्वय समिति के कोषाध्यक्ष ने संबंधित लेखा–पत्र प्रस्तुत करने पर परिक्षकों द्वारा सही पाया गया। एजेण्डानुसार इस लेखा–पत्र को सभी सदस्यों के अवलोकन एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सर्व सम्मति से लेखा पारित किया गया।

इस विषय में अध्यक्ष महोदय ने विगत वर्ष 2017–18 की अपेक्षा वर्ष 2018–19 में समिति की बढ़ी हुई आय पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों से सहयोग बनाये रखने का अनुरोध किया । जिन सदस्य कार्यालयों पर समन्वय समिति का अंशदान अभी भी बकाया चल रहा है उनकी सूची वेबसाइट में upload करने और उनको एक D.O. पत्र जारी करने का आदेश दिया है ।

6. **समिति की खेल सामग्री/स्टोर का भौतिक सत्यापन :–**

सचिव ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि समिति के वर्ष 2018–2019 के शतप्रतिशत भौतिक सत्यापन का दायित्व ASI कार्यालय को दिया गया था। जिसका उन्होंने जांच में सभी वस्तुएं सही पायी जाने की रिपोर्ट पारित की ।

समन्वय समिति का वर्ष 2019–20 का आय–व्यय का लेखा परीक्षण एवं खेल सामग्री का भौतिक सत्यापन का दायित्व A.G.(Audit), UK को दिया गया है ।

7. **वर्ष 2019–2020 के लिए प्रस्तावित बजट पारित करना :**

आगामी वर्ष 2019–2020 के लिए समन्वय समिति द्वारा प्रस्तावित आय–व्यय का प्रपत्र अनुमोदनार्थ संलग्न किया गया तथा खेल सामग्री की खरीद एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन में व्यय मद में रखी गयी धनराशि पर सभी ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रस्तावित बजट पारित किया।

8. **वर्ष 2020 के लिए सरकारी अवकाशों का निर्धारण करना :**

वर्ष 2020 के लिए सरकारी अवकाशों के संबंध में सचिव द्वारा सूचित किया गया कि भारत सरकार, कार्मिक,लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय के आदेशों के अनुसार वर्ष 2020 में केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के लिए निश्चित 14 अवकाशों के अलावा 3 अवकाशों का निर्धारण समिति द्वारा किया गया है। इससे पूर्व समिति द्वारा 03 राजपत्रित अवकाश/त्योहारों का प्रस्ताव सभी सदस्य कार्यालयों को प्रेषित किया गया था और उनकी अनुकूल सहमति होने पर तीनों अवकाशों को राजपत्रित अवकाश में सम्मलित कर कुल 17 राजपत्रित अवकाशों की सूची बनायी गयी और कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेन्शन मंत्रालय नई दिल्ली से प्राप्त वैकल्पिक अवकाशों में स्थानीय झण्डा दिवस/मेला को भी वैकल्पिक अवकाश में सम्मिलित कर वर्ष 2020 की वैकल्पिक/प्रतिबंधित अवकाश सूची बनायी गयी । जो सभी सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयी । सदस्यों ने अवकाशों के बारे में सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया । सचिव ने यह भी सूचित किया कि इन अवकाशों की सूची भारतीय सर्वेक्षण विभाग की विभागीय Website पर यथा शीघ्र Upload कर दी जायेगी ।

9. **वर्ष 2019–2020 के लिए प्राधिकृत चिकित्सकों की नियुक्ति :**

सचिव ने अपनी रिपोर्ट में सूचित किया कि आगामी वर्ष के लिए प्राधिकृत चिकित्सकों की सूची लगभग गत वर्ष की भांति ही है, साथ ही जिन डाक्टरों ने पहली बार आवेदन किया है उनके नाम भी मुख्य सूची में प्रस्तुत किये गये हैं तथा जिन डाक्टरों ने अपना नवीनीकरण (Renewal) नहीं कराया है उनकी सूची

**शेष पृष्ठ 6 पर.....**

भी अलग से संलग्न की गई है। इस प्रकार अन्तिम सूची जारी करने से पूर्व सदस्यों के विचार एवं अनुमोदन हेतु सूची प्रस्तुत की गयी । सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर ध्वनीमत से अपनी सहमति व्यक्त की । तत्पश्चात सचिव ने सदस्यों को संबोधित करते हुए सूचित किया कि वर्ष 2019–20 के लिए प्राधिकृत चिकित्सा परिचारकों (AMAs) की नियुक्ति सूची भी भारतीय सर्वेक्षण विभाग की विभागीय Website पर यथाशीघ्र Upload कर दी जायेगी ।

10. **Central Civil Services Culture & Sports Board, U.K.**

सचिव ने सदन को अवगत कराया कि वर्ष 2018–2019 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर होने वाले खेल प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित टीमों ने RSB, Dehradun उत्तरॉखण्ड से प्रतिभाग किया :–

| Sl.No | **Name of Sports event** | **Venue of Tournament** | **परिणाम** |
|---|---|---|---|
| 1. | Volleyball | Sector 7 & 42 Chandigarh | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 2. | Athletics | Swami Vivkanand Stadium, Kota, Raipur Chhattisgarh. | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 3. | Table Tennis | Table Tennis Hall, Sector-23 Chandigarh. | टीम की रिपोर्ट प्राप्त हुई। |
| 4. | Badminton | Shiv Chhatrapati Soprts Complex, Mhalunge-Balewadi, Pune (Maharashtra) | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 5. | Powerlifting, Weightlifting & Best Physique | Sardar Vallabh Bhai Patel, International Hockey Stadium, Raipur, Chhatisgarh | टीम की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। |
| 6 | Carrom | Grih Kalyan Kendra Community Centre, New Delhi | टीम की रिपोर्ट प्राप्त हुई। खिलाडियों का खेल संतोषजनक रहां । |

सचिव ने यह भी अवगत कराया कि अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में टेबिल टेनिस टीम और बैडमिंटन टीम के खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन रहा । जिसमें श्री अरविन्द कुमार शर्मा सहयोगी श्रीमती शिखा खण्डूरी के साथ वेटरन कैटेगरी में मिक्स डबल में स्वर्ण पदक और सिंगल प्रतियोगता में कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाडियों की इस उपलब्धि पर सदन ने तालियां बजाकर बधाई और शुभकामनाएँ दी । इसके साथ ही अध्यक्ष महोदय ने अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में रिजीनल स्पोर्टस् बोर्ड द्वारा नामित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर सदन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपील की ।

11. **आगामी वर्ष 2019–2020 के खेल आयोजन के लिए निम्न प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया :**

समन्वय समिति की वार्षिक आमसभा में वर्ष 2019–20 में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु उपस्थित सभी सदस्यों से CGEWCC की ओर से खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराने की जिम्मेदारी लेने का अनुरोध किया गया । जिन सदस्य कार्यालयों ने खेल प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में रुचि दिखाई, उनका अध्यक्ष महोदय ने स्वागत करते हुए धन्यवाद प्रकट किया। वे इस प्रकार हैं :–

| क्रमांक | खेल / प्रतियोगिताएं | आयोजक विभाग |
|---|---|---|
| 1. | Table Tennis | NGDC, SOI |
| 2. | Carrom | ZSI |
| 3. | Chess | NGDC, SOI |
| 4. | Kabaddi | UK & WUP GDC, SOI |

शेष पृष्ठ 7 पर......

| | | |
|---|---|---|
| 5. | Cricket | NGDC, SOI |
| 6. | Badminton | G&RB, SOI |
| 7. | Volley Ball | NHO |
| 8. | Cultural Programme | SGO,SOI + |

**12- <u>Proposals/suggestions from member offices:</u>**

एजेन्डा के अन्तिम बिन्दू पर सचिव ने सदन को अवगत कराया कि आम सभा के एजेण्डा में सभी सदस्य कार्यालयों से उनके सुझाव/प्रस्ताव आमंत्रित किये गये थे, जो कि कहीं से भी प्राप्त नहीं हुआ । सचिव ने पुनः सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि यदि वे अपना सुझाव/प्रस्ताव सदन में रखना चाहते हैं तो उनका स्वागत है ।

सचिव के इसी वक्तव्य पर एक सदस्य द्वारा भारतीय सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के कल्याणार्थ के आलोक में एक प्राईवेट दन्त चिकित्सक की सेवाओं की सुविधा–उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया । यह दन्त चिकित्सक उत्तरी मुद्रण वर्ग, औषधालय में सप्ताह में एक या दो दिन Visit करें तथा संबंधित रोगी का उपचार करें। सदस्य के इस सुझाव/प्रस्ताव पर अध्यक्ष महोदय ने अपनी सहर्ष संस्वीकृति सचिव को देते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिया ।

अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समापन करने की अनुमति दी और सचिव ने बैठक समापन की घोषणा की। बैठक बहुत ही सौहार्द एवं मैत्रीपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई ।

18.10.19

( मोहन राम )
सचिव
केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति देहरादून
दूरभाष– 0135–2741243

**<u>Copy to –</u>**

1. The Secretary, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Department of Personnel and Training, North Block, New Delhi-110003.
2. The Secretary, Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Department of Personnel and Training, (Central Civil Services Cultural & Sports Board), Lok Nayak Bhawan, Khan Market, New Delhi.
3. The Secretary, Ministry of Health and Family Welfare, Department of Health, New Delhi- 110003.
4. The Secretary, Ministry of Home, Govt. of Uttarakhand.
5. The District Magistrate Dehra Dun.
6. The all member offices of CGEWCC, Dehra Dun for information and necessary action.
7. Incharge Survey of India Website, with the request to upload this letter on the Departmental Website of Survey of India.